तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 1 जुलाई 2024


11 देर रात तक जश्न में डूबा रहा गरियाबंद, टीम के...



12 जंगल में बिखरे हीरा भंडार की सुरक्षा के लिए एक भी...



[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका ]


प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24


समस्या : कैसे होगा मध्यान्ह भोजन का संचालन, समूह को आ रही हैं दिक्कतें

# महंगाई आसमान पर, राशन सामग्री की कीमत हो गई दोगुनी, समूह ने कहा- बढ़ाई जाए राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

प्रदेश के प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला के बच्चों को मध्यान्ह भोजन योजना जो आगे चलकर प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के रूप में वर्तमान में संचालित है अब वह महंगाई के मार का असर पड़ते हुए दिख रहा है, लगभग खाद्य सामग्री के कीमत से अधिक हो गया है जिससे समूह को मध्यान्ह भोजन चलाने में काफी दिक्कतें आ रही है, शासन द्वारा उन्हें पीडीएस से चावल प्रदान किया जाता है बाकी अन्य सामग्रियों का समूह को खुद करना पड़ता है। शासन द्वारा योजना का शुभारंभ किया गया है कि जो कमजोर वर्ग के बच्चे हैं उन्हें स्कूल में भोजन प्रदान किया जाए ताकि उन्हें भोजन की चिंता ना रहे और पढ़ाई में ध्यान हो साथ-साथ उनके गुणवत्ता का भी ख्याल रखा जाए, इसलिए शासन द्वारा पूरे 6 दिनों के लिए मेनू जारी किया गया है। लेकिन जो मेनू जारी किया गया है वह लगभग 10 साल पूर्व का है और 10 साल के बाद प्रत्येक सामग्री का रेट लगभग 2 गुना हो गया है। समूह द्वारा भोजन योजना संचालन कार्य काफी कठिन हो गया है और लगभग समूह इस कार्य से दूरी बनाते हुए दिख रहा है, कई जगहों पर से तो शिक्षा कार्यालय में आवेदन आता है कि हम इसका संचालन नहीं कर पाएंगे और कई जगहों पर तो समूह के नाम पर शिक्षक की मध्यान भोजन का संचालन कर रहे हैं क्योंकि शासन का नियम है कि मध्यान्ह भोजन का संचालन स्वसहायता समूह से ही कराया जाए, इसलिए उनके नाम से स्कूल के शिक्षक भोजन का संचालन कर रहे हैं। इसमें सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि जब मध्यान्ह भोजन समूह के माध्यम से संचालित होता है तब बहुत सारे नियम का हवाला दिया जाता है और वहीं कार्य जब स्कूल के द्वारा किया जाता है तो सब नियमों को ताक में रखकर स्कूलों के द्वारा संचालन किया जाता है या इससे इस योजना के संचालन से समूह लोग दूर होते जा रहे हैं।

■ प्राथमिक शाला के बच्चों को ₹5 .69 पैसे और माध्यमिक के बच्चों को ₹8 .17 पैसे के हिसाब से मिल रही राशि

### हरी सब्जी के दाम लगभग दोगुना

प्राथमिक शाला को बच्चों को 5.69 पैसे और माध्यमिक शाला के बच्चों को 8.17 पैसे के हिसाब से शासन राशि प्रदान करती है लेकिन यह राशि काफी कम महसूस हो रही है क्योंकि हरी सब्जी, टमाटर ,तेल, आलू, मिर्च, धनिया आदि सभी का रेट लगभग लगभग दोगुना हो गया है जबकि शासन द्वारा मिलने वाले राशि लगभग वहीं के वहीं है इसे लोगों को इस योजना संचालन में काफी दिक्कतें आ रही हैं।



### संचालन में आती हैं दिक्कत

महंगाई के साथ-साथ समूह को परेशानी तो हो रही है विशेष कर जहां कम बच्चे हैं उन्हें संचालन में दिक्कत आती है। उनके द्वारा किसी प्रकार की भी मांग को शासन को प्रेषित कर दिया जाता है, उन्हें दिए जाने वाले राशि का निर्धारण राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।

-केएल मतवाले, विकास खण्डशिक्षा अधिकारी

### बरसात में मध्यान्ह भोजन संचालन करना कठिन

मध्यान भोजन में चावल पीडीएस से प्रदान किया जाता है आज सबसे बड़ी समस्या ईंधन की बने हुए हैं सभी तरफ पेड़ों की कटाई होने की वजह से आज लकड़ी भी काफी महंगी हो गई है और विशेष कर बरसात में ध्यानह भोजन संचालन और भी कठिन हो जाता है, क्षेत्र में कुल 232 प्राथमिक शाला और 101 माध्यमिक शाला संचालित है, इन सब में भोजन का संचालन होता है इन्हें कल 213 स्व सहायता समूह द्वारा इन स्कूलों में मध्यान भोजन का संचालन किया जाता है प्रत्येक समूह में लगभग 10 सदस्य होते हैं इसमें रसोईया की मानदेय की व्यवस्था शासन की होती है।

## बीएड व डीएड प्रवेश परीक्षा में 1500 परीक्षार्थी हुए शामिल

**राजिम।** रविवार को शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय, शासकीय राम विशाल पांडे उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा में प्री बीएड के लिए 965 परीक्षार्थी एवं प्री डीएलएड के लिए 1250 परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था की गई थी। लेकिन प्री बीएड परीक्षा में 600 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि प्रीडीएलएड की परीक्षा में 895 परीक्षार्थी शामिल थे। सेजेश के प्राचार्य संजय एक्का ने बताया कि परीक्षा की उत्तर सीट के मूल्यांकन के बाद प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट क्रम निर्धारित की जाएगी। तत्पश्चात पूरे छत्तीसगढ़ में बीएड एवं डीएलएड की संस्थाओं में उपलब्ध सीटों को मेरिट क्रम के आधार पर भरा जाएगा। उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग में सबसे अधिक भर्ती हो रही है। शिक्षक पद को लेकर युवाओं का रुझान अधिक देखा जा रहा है। यद्यपि शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया आसान नहीं है यह ⏭ शेष पेज 11 पर

## एसडीएम कार्यालय का घेराव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



फिंगेश्वर के नायब तहसीलदार के द्वारा ग्राम बोरसी के शासकीय भूमि खसरा नंबर 835 रकबा 0.11 हेक्टेयर पर अतिक्रमण हटाने के आदेश पारित होने के बाद भी बेदखली की कार्यवाही नहीं करने पर 1 जुलाई को आज एसडीएम कार्यालय राजिम का घेराव किया जावेगा। घेराव को लेकर ग्रामीणों ने गांव मे की बैठक। उक्त जानकारी देते हुए जगन्नाथ साहू ने बताया कि नायब तहसील दार फिंगे"वर के द्वारा अतिक्रमण हटाने के आदेश के बाद भी ⏭ शेष पेज 11 पर

### खबर संक्षेप

### यूथ फोरम शिविर में जिले के स्काउट गाइड शामिल



**फिंगेश्वर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मान संतोष उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत एवं रोमन साहू के मार्गदर्शन में डीओसी स्काउट आशीष कुमार डीओसी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर यूथ फोरम शिविर में सम्मिलित होने हेतु कोरबा के लिए जिला गरियाबंद के 7 स्काउट एवं 1 प्रभारी लुकेश्वर प्रधान रवाना हुए हैं। उक्त शिविर में शासकीय हाई स्कूल फुलकर्रा से राकेश कुमार, रोशन कुमार, लोमेश, शेषनारायण, कौंदकेरा से द्रोण कुमार, गोहरापदार से सौरभ, फरहान मेमन शिविर में शामिल है। वहीं शिविर में छोड़ने के लिए स्काउटर प्रेमलाल साहू शामिल हुए। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी है।

### शिविर में 71 लोगों ने किया रक्तदान



**नवापारा-राजिम।** संत निरंकारी चेरिटेबल फाउण्डेशन के तत्वावधान में सिंधी गुरुद्वारा में रविवार को रक्तदान शिविर में 50 पुरुष और 21 महिलाएं शामिल हुई। कुल 71 यूनिट रक्तदान हुआ। ब्रांच संयोजक ने बताया कि रक्तदान पहले से ही जनकल्याण की सेवा भाव में एक अभिन्न अंग रहा है। युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह के कथन रक्त नाड़ियों में बहे नालियों में नहीं इस संदेश को मिशन के अनुयाइयों ने निश्चित रूप से चरितार्थ किया है जिसे वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार आगे बढ़ाया जा रहा है।

## रिमझिम बारिश, मौसम हुआ सुहाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



रविवार को पूरा दिन आसमान पर बादल छाया रहा। लेकिन बारिश शाम करीब 6 बजे शुरू हुई। इस बारिश से मौसम सुहाना हो गया। हालांकि जिस तरह से रिमझिम और झमाझम बारिश होना चाहिए वैसी बारिश नहीं हो रही है जिसके चलते खेती किसानी का काम भी बहुत हद तक प्रभावित हो रहा है। ग्रीष्मकाल निकल गया है लेकिन उमस भरी गर्मी अभी भी है। किसान बहुत बेसब्री से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे है। मौसम विभाग का सारा अनुमान इस बार परफेक्ट नहीं उतर पा रहा है। जून लगने के पखवाड़े भर के भीतर अच्छी बारिश होने का अनुमान बताया गया था। लेकिन पूरा जून खत्म हो गया लेकिन बारिश न के बराबर हुई। रविवार को जिस तरह से रूक-रूककर करीब घण्टे भर तक हुई बारिश से एक तरफ जहां लोगों को गर्मी से निजात मिली, वहीं इस बारिश को किसानी के लिए अच्छा माना गया है। ईधर बारिश के होते तक दुपहिया सवारों को दुकानों के पाटों में खड़े रहकर पानी छोड़ने का इंतजार करना पड़ा। पैदल चलने वाले भी बारिश थमने का इंतजार झाड़ के नीचे अथवा सुरक्षित जगहों पर खड़े होकर किए। जून के इस महीने में वैसे यह तीसरी हल्की बारिश है जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। गर्मी का असर जरा कम हुआ है परंतु उमस बरकरार है।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम फुलवारी में एक युवक के साथ चार लोगों ने मारपीट की। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि प्रार्थी कृष्णा वर्मा पिता रोशन (33 साल) निवासी बागबाहराकला के साथ आरोपी धर्मेंद्र, मनोज, लक्की, रिंकी पाठक सभी निवासी मौलीमुड़ा बागबाहरा ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया।

## बस स्टैंण्ड बना ट्रक स्टैंण्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नवापारा शहर एक ऐसा शहर बन गया है जहां लोग नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अपनी मनमानी पर उतर आए है। शहर का बस स्टेण्ड वैसे भी छोटा है जहां दो-तीन गाड़ियां खड़ी होने पर ही भर जाता है। ऊपर से तुर्रा यह कि ट्रक वाले भी इस बस स्टैंण्ड को ट्रक स्टैंण्ड बनाने में तुले हुए है। कायदे से ट्रक को बस स्टैंण्ड के पास खड़ा होना ही नहीं चाहिए। मेन रोड में ट्रक ड्राइवर कैसे इन ट्रकों को खड़ी कर घंटो गायब हो जाते है इस तस्वीर से देखा जा सकता है। ट्रक के बीच रोड में खड़ी कर दिए जाने पर यात्री गाड़ियों को सवारी उतारने और चढ़ाने में कितनी परेशानियां होती है ये वहीं जान सकते है। इसके अलावा आने-जाने वाली दीगर गाड़ियों को भी साइड लेने और देने में तकलीफ उठाना पड़ता है। यदि यही हाल रहा तो किसी भी दिन इन ट्रक वालों के वजह से ही बड़ी दुर्घटना घट ⏭ शेष पेज 11 पर


शरद कम्प्यूटर एजुकेशन
• DCA • PGDCA • TALLY PRIME
• ERP9 With GST Taxation • Ms Office
• फोटोशॉप • पेजमेकर • कोरल • सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण
Skill Training Partner
शरद कम्प्यूटर एजुकेशन राजिम
पता: रानी धर्मशाला परिसर राजिम
शरद पारकर मो. 98261-96073

हरिभूमि
पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION
BCA
BBA
B.COM
MSC
MSW
PGDCA
B.ED
M.ED
D.ED
B.SC (CS / MATHS / BIOTECH)
ACHIEVE YOUR FUTURE WITH US
90161 13333

हरिभूमि
सहेली

अब 8 पेज में
हर मंगलवार
महिलाओं से संबंधित संपूर्ण जानकारी

कल के अंक के साथ लेना ना भूलें...

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र के राज्यपाल बैस आज आएंगे



**रायपुर।** महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस सोमवार 1 जुलाई को रायपुर आ रहे हैं। श्री बैस सुबह 8 बजे मुम्बई से रायपुर पहुंचेंगे। अपने 3 दिवसीय प्रवास के दौरान वे यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री बैस 3 जुलाई की शाम मुंबई लौटेंगे।

### सीएस को उपाध्यक्ष नीति आयोग का अतिरिक्त प्रभार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने मुख्य सचिव अमिताभ जैन को एक और बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। राज्य शासन द्वारा श्री जैन को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ उपाध्यक्ष राज्य नीति आयोग छत्तीसगढ़ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इस आशय का आदेश सामान्य प्रशासन विभाग से जारी कर दिया गया है।

### वाहन पार्क करने के विवाद में मारपीट



**रायपुर।** खम्हारडीह थाना में एक बुजुर्ग ने बाप-बेटे के खिलाफ वाहन पार्क करने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक गायत्री नगर निवासी बालचंद प्रजापति ने सीताराम प्रजापति तथा उसके बेटे नीरज के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। बालचंद ने पुलिस को बताया कि सीताराम तथा उसके बेटे ने दुकान के सामने दोपहिया पार्क करने के नाम पर विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की है।

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला



**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक ई-रिक्शा के चालक ने एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ शराब पीने पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक सुरेंद्र निषाद ने वासु निषाद के खिलाफ चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुरेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह अपने ई-रिक्शा से घर जा रहा था, दावड़ा कॉलोनी के पास वासु ने उसका रास्ता रोक शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। इनकार करने पर वासु ने सुरेंद्र की पीठ पर चाकू से हमला कर दिया।

### 75 प्रतिशत महिलाओं को महतारी वंदन की चौथी किस्त नहीं मिली

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, महतारी वंदन में 75 प्रतिशत महिलाओं को चौथी किस्त की राशि अभी तक नहीं मिली है। जुलाई में महतारी वंदन की पांचवी किस्त महिलाओं के खाते में आना है, लेकिन जून का पैसा अभी तक अप्राप्त है। लोकसभा चुनाव में वोट लेने के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं को अपात्र बताकर उनका नाम लाभार्थी की सूची से हटाने का सरकार षड़यंत्र कर रही है। उन्होंने पूछा कि तीन किस्त जिनके खाते में गई थी, वे अब चौथी किस्त में अपात्र कैसे हो जाएंगी? यदि अपात्र थीं, तो तीन माह का पैसा क्यों दिया गया? सरकार महतारी वंदन योजना की चौथी किस्त कितनी महिलाओं के खाते में डाली गई, उसे सार्वजनिक करे। उन्होंने कहा, भाजपा की नीयत में खोट आ गया है, आगे सभी महिलाओं के खाते में पैसा आयेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। साय की सरकार ने साबित किया है कि झूठ, लफ़्फ़ाज़ी और वादाखिलाफी ही मोदी की गारंटी है। डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ का केवल शोषण कर रही है। महतारी वंदन के नाम पर प्रदेश के 1 करोड़ 4 लाख महिला मतदाताओं में से अधिसंख्यक महिलाओं का इंतजार अब तक खत्म नहीं हुआ है।

# मॉब-लिचिंग अब अपराध की श्रेणी में, जोड़ी गई नई धारा, किया संशोधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देश में 1 जुलाई से हो रहे नए आपराधिक कानून के संबंध में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में शनिवार को कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें वक्ता के तौर पर शामिल हुए रायपुर हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अभिनव के. शुक्ला और प्रो. हिना इलियास व गृह विभाग से असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट प्रोसेक्शन ऑफिसर शुभम तोमर ने नए कानून के तहत सजा प्रावधानों व डिजिटल साक्ष्यों की मान्यता व साक्ष्य संबंधी प्रस्तुतिकरण की प्रक्रिया के सरलीकरण के दिशा में किए गए प्रबंधों की विस्तार से अधिकारियों-कर्मचारियों को जानकारी दी।

नए अपराधिक कानून के संशोधन पर प्रोफेसर अभिनव शुक्ला ने बताया कि नई भारतीय न्याय संहिता 2023 में व्यापक बदलाव किए गए हैं। अपराधिक प्रकरणों के फैसले के लिए भी समय-सीमा निर्धारित की गई है। कुछ अपराध ऐसे थे, जो किसी भी अपराध की धाराओं में नहीं आते थे, वे छूट जाते थे। उसके लिए धारा लाई गई है।

जीरो एफआईआर की व्यवस्था के साथ अब ई-एफआईआर की व्यवस्था लागू की जाएगी। कोई भी व्यक्ति अपने संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज करा सकता है, लेकिन इसके लिए ई-एफआईआर रजिस्टर्ड करने के तीन दिनों के भीतर संबंधित थाने में पहुंचकर वेरिफाई कराना आवश्यक होगा। तभी ई-एफआईआर मान्य होगा। अगर तीन दिन के भीतर संबंधित थाने में प्रार्थी नहीं पहुंचेगा, तो वह ई-एफआईआर मान्य नहीं होगी। असल में यह व्यवस्था नागरिकों के लिए इसलिए शुरू की जा रही है, ताकि समय पर अपनी शिकायत थाने में दर्ज करा सके। महिलाओं और बच्चों के लिए भी नई संहिता में चैप्टर जोड़ा गया है। आईपीसी की धाराएं अलग-अलग थी, उसे संगठित किया गया है।

**नए कानून की अधिकारियों-कर्मचारियों को दी गई जानकारी**



**मॉब-लिंचिंग के लिए बनी नई धारा**

मॉब-लिंचिंग अब तक अपराध की श्रेणी में नहीं आता था, ऐसे में इसके लिए भी नई धारा जोड़ी गई है। धारा 103 (2) के तहत अपराध दर्ज किया जाएगा। साथ ही इसमें सजा का भी प्रावधान किया गया है। महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराध में भी संशोधन किया गया है। पहले अलग-अलग उम्र के बच्चों द्वारा अपराध किए जाने पर धारा जोड़ी जाती थी, लेकिन अब उम्र तय कर दी गई है। 18 वर्ष या उससे कम उम्र ही माना जाएगा। साथ ही कार्यशाला में वक्ताओं ने यह भी बताया कि जब्ती के प्रकरणों में विवेचकों को वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से कराना होगा।

### ट्रांसफार्मर सहित सभी खर्च उठाने को तैयार, फिर भी सालभर बाद भी नहीं मिला एस्टीमेट और डिमांड नोट

# 26 साल से अपनी बिजली को तरस रहे रवि भवन के व्यापारियों ने सीएम से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के रवि भवन को बने 26 साल हो गए हैं। व्यापारी अपनी बिजली के लिए अब तक तरस रहे हैं। बीते साल व्यापारियों की बिजली से रवि भवन के रोशन होने का रास्ता खुला, लेकिन सालभर होने के बाद भी पॉवर कंपनी ने व्यापारियों को न तो डिमांड नोट दिया है और न ही ट्रांसफार्मर एवं अन्य खर्च का एस्टीमेट दिया है, जबकि व्यापारी हर तरह का खर्च उठाने के लिए तैयार हैं। व्यापारियों ने अपने कनेक्शन के लिए आवेदन भी कर दिए हैं, लेकिन मामला लटका हुआ है। ऐसे में अब व्यापारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर उनसे मदद की गुहार लगाते हुए पूरी जानकारी दी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दे दिए हैं।

रवि भवन में अब तक भवन बनाने वाले बिल्डर के नाम से ही एक एचटी कनेक्शन है, जिसमें से सभी व्यापारियों को कनेक्शन दिए गए हैं। ऐसे में व्यापारियों को बिजली करीब 13 रुपए यूनिट मिलती है, लेकिन अपने कनेक्शन लगने से बिजली सात से आठ रुपए में मिलने लगेगी। रवि भवन के 1996 में बनने के बाद से इसमें दुकानें लेने वाले व्यापारी अपने बिजली कनेक्शन से वंचित हैं। बिल्डर ने भवन का निर्माण करने के समय जो अस्थाई एचटी कनेक्शन लिया था, उसको बाद में स्थाई करा लिया और जिन भी व्यापारियों को दुकान बेची गईं, उनको सब मीटर लगाकर कनेक्शन दे दिए गए। शुरुआत में तो किसी व्यापारी को इसका नुकसान समझ नहीं आया, लेकिन बाद में जब इसका नुकसान समझ आया तो व्यापारियों ने अपने कनेक्शन लेने के लिए पहल की।

**मुख्यमंत्री ने दिया मदद का आश्वासन**

मुख्यमंत्री से मिलकर हमारे व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने पूरी जानकारी दी है। मुख्यमंत्री ने मदद का आश्वासन देते हुए अधिकारियों के साथ कलेक्टर को इस मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।
- **जय नानवानी,** अध्यक्ष, रवि भवन व्यापारी संघ



**20 साल से संघर्ष**

रवि भवन व्यापारी संघ के अध्यक्ष जय नानवानी के मुताबिक, 20 साल से अपने कनेक्शन के लिए संघर्ष चल रहा है। सबसे पहले 2002 में शिव ग्वालानी रवि भवन व्यापारी संघ के अध्यक्ष बने तो उन्होंने ही इस दिशा में पहल की। उसके बाद से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा संघ बिजली नियामक आयोग में भी गया। आयोग ने भी माना कि कोई बिल्डर इस तरह से कनेक्शन नहीं दे सकता। इसी के साथ आयोग ने यह भी कहा, ऐसा और कहीं न हो, इसका पॉवर कंपनी को ध्यान रखना चाहिए।

**अब तक छह करोड़ का फटका**

रवि भवन में हर माह एक लाख यूनिट बिजली की खपत होती है। व्यापारियों के मुताबिक, उनको जो ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं, वो साल के करीब 30 लाख होते हैं। ऐसे में 20 साल में अब तक छह करोड़ रुपए अतिरिक्त हम लोग दे चुके हैं। रवि भवन के बाहर हमारे आसपास के व्यापारियों को जहां 400 यूनिट बिजली के 32 से 33 सौ रुपए देने पड़ते हैं, वहीं हमें 51 सौ रुपए लगते हैं। ज्यादा बिजली की खपत पर और ज्यादा पैसा लगता है।

**लगने हैं नए ट्रांसफार्मर**

रवि भवन में बिल्डर का एक पांच सौ किलो वाट का ट्रांसफार्मर लगा है। इसे बिल्डर ने पॉवर कंपनी को देने का सहमतिपत्र तो दे दिया है, लेकिन यह ट्रांसफार्मर काम नहीं आएगा। ऐसे में दो-दो सौ किलोवॉट के पांच नए ट्रांसफार्मर लगेंगे। इसके लिए व्यापारियों ने चार स्थान भी पॉवर कंपनी को दे दिए हैं। इन स्थानों पर ट्रांसफार्मर लगने के बाद सबको अलग-अलग कनेक्शन मिलेंगे। भवन में करीब चार सौ व्यापारियों की दुकानें हैं। पॉवर कंपनी के साथ सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी सालभर से व्यापारियों को कनेक्शन नहीं मिल रहे हैं, न ही अब तक ट्रांसफार्मर लगाने के लिए पॉवर कंपनी ने एस्टीमेट दिया है। थक-हार कर अंततः व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से मिलकर उनसे मदद की गुहार लगाई है।

# दिनभर बारिश का दौर, शहर के तापमान में चार डिग्री की गिरावट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छाए बादल शनिवार को दिनभर राजधानी में हल्के से मध्यम रूप में बरसते रहे। बारिश तो जोरदार नहीं हुई, मगर इसके प्रभाव से तापमान में चार डिग्री की गिरावट आ गई। यूपी-बिहार के ऊपर बने सिस्टम की वजह से बिलासपुर और सरगुजा संभाग में जमकर बारिश हुई है।

■ यूपी-बिहार के ऊपर सिस्टम, बिलासपुर और सरगुजा में जमकर वर्षा

रायपुर में मानसून 15-16 जून को सक्रिय हुआ है, मगर यहां अब तक भारी बारिश नहीं हुई है। शनिवार को भी यहां छाए बादल मामूली रूप से ही बरसे हालांकि वर्षा का प्रभाव दिनभर रहा जिसकी वजह से तापमान में चार डिग्री की गिरावट आ गई और मौसम पूरी तरह ठंडा हो गया। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में शहर में आधा सेमी. से कम बारिश दर्ज की गई है। बादलों की मेहरबानी बिलासपुर और पेंड्रा इलाके में नजर आई। दिनभर में बिलासपुर में 48.4 और पेंड्रा में 87.6 मिमी. बारिश दर्ज की गई है।

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि उत्तरी हिस्से में हो रही बारिश की वजह उत्तर-दक्षिण द्रोणिका के पश्चिम उत्तर प्रदेश और चक्रवाती घेरा के पूर्वी यूपी और उससे लगे बिहार के ऊपर मौजूद होना है। रविवार को भी इसी तरह की स्थिति रहने की संभावना है। इसके बाद जुलाई की शुरूआत में बारिश की गतिविधि में कमी आने की संभावना बन रही है।

# मुख्यमंत्री ने किया समाजसेवी चंदन और बसंत का सम्मान



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास में शनिवार को समाजसेवी चंदन अग्रवाल और बसंत अग्रवाल का सम्मान किया। यह सम्मान उन्हें छत्तीसगढ़ के भांचा श्रीराम के ननिहाल का चाउर और ठेठरी, खुरमी का अयोध्या में 60 दिनों का सबरी प्रसादालय के नाम महाभंडारे का आयोजन करने के लिए दिया गया। यह महाभंडारा स्व. पुरुषोत्तम अग्रवाल स्मृति फाउंडेशन एवं सनातन सेना के तत्वावधान में किया गया। इस मौके पर समाजसेवी बसंत अग्रवाल ने बताया कि अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को हुई, उस दिन से निरंतर छत्तीसगढ़ के चावल और ठेठरी, खुरमी, छत्तीसगढ़ी व्यंजन का भंडारा निरंतर चला, जो पूरे अयोध्या में छत्तीसगढ़ राज्य का भंडारा भगवान श्री राम के ननिहाल छत्तीसगढ़वासियों के प्रेम और अयोध्या में चर्चा का विषय बना। जो भी भक्तजन अयोध्या आते थे तो वे छत्तीसगढ़ से चल रहे भंडारे का प्रसाद लेने जरूर पहुंचते थे। उन्होंने बताया कि राजगोपाल मंदिर रामपथ सरयू नदी एवं हनुमानगढ़ी के मध्य में स्थित है, वहां पर प्रतिदिन सुबह नाश्ता, दोपहर में भोजन, शाम का नाश्ता और रात के भोजन प्रसाद में दिया जा रहा था। यह सबरी प्रसादालय के नाम से पूरे अयोध्या में विख्यात हो गया था।

# महिला शिवसेना ने बेजा कब्जा और गंदगी पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



आदर्श नगर क्षेत्र में अटल आवास के गार्डन एरिया में बेजा कब्जे और गंदगी की समस्या को लेकर महिला शिवसेना की एक टीम ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला शिवसेना के सदस्य और स्थानीय निवासी शामिल हुए और सभी ने एक स्वर में इस मुद्दे के समाधान की मांग की। महिला शिवसेना की प्रमुख ज्योति सिंह ने बताया कि गार्डन एरिया में कुछ स्थानीय लोगों द्वारा अवैध रूप से टपरा-टपरी बनाई जा रही है, जिससे बच्चों के खेलने का स्थान अवरुद्ध हो रहा है और गंदगी फैल रही है। उन्होंने कहा कि गार्डन एरिया का यह अवैध कब्जा न केवल स्थान की सुंदरता को नष्ट कर रहा है, बल्कि इससे आसपास के निवासियों को भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही हैं। उन्होंने नगर निगम से मांग की है कि अविलंब इस मामले को संज्ञान में लिया जाए और अवैध कब्जों को हटाया जाए। महिला शिवसेना ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वे इस मामले को लेकर और भी बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। इस कार्यक्रम में महिला प्रदेशाध्यक्ष ज्योति सिंह, रुखसार खान, किरण राव, कीर्ति साहू, जन्नत खान, सावित्री मानिकपुरी आदि शामिल हुईं।

# खमतराई स्कूल में शेड बनाने मूणत ने दिए 25 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक राजेश मूणत शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला खमतराई रायपुर में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कई बड़ी घोषणाएं कीं।

■ शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री

श्री मूणत ने छात्र-छात्राओं को काफी पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया। इसके अलावा स्कूल परिसर में वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने कहा, अगले साल जब साल प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम होगा, तब वह सभी छात्र-छात्राओं को पुस्तकें, पेन पेन्सिल, कम्पॉक्स, स्कूल बैग, टिफिन,पानी की बोतल उपलब्ध करवाएंगे। श्री मूणत ने कहा, विष्णुदेव साय सरकार स्कूलों में बेहतर सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा, सत्ता पक्ष का विधायक होने के नाते मेरा आपसे वादा है कि खमतराई स्कूल को प्राइवेट स्कूल जैसे सुविधा उपलब्ध कराऊंगा। इस अवसर पर उन्होंने शाला परिसर में शेड निर्माण हेतु 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। श्री मूणत ने कहा, स्कूल से 24 छात्र रायपुर जिले में मेरिट पर आएंगे उनको एक लाख एवं जो छात्र-छात्राएं स्कूल में प्रथम श्रेणी प्राप्त करेंगे उन्हें 25 हजार रुपए दिए जाएंगे।



# नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी, भाजपा लोस चुनाव में हुए मतदान की एक-एक बूथ की बना रही कुंडली



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने अभी से तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसके लिए भाजपा के प्रदेश संगठन ने लोकसभा चुनाव में एक-एक बूथ में मिले मतों को लेकर रिपोर्ट बनाने का काम प्रारंभ किया है।

इसके लिए विधानसभा और जिलेवार एक-एक नेता को जिम्मा दिया गया है। रायपुर का जिम्मा जहां पूर्व सांसद चंदूलाल साहू को दिया गया है, वहीं महासमुंद का जिम्मा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव को दिया गया है। सभी जिम्मेदार नेता अपने-अपने जिलों में बैठकें लेकर बूथों की रिपोर्ट बनवाने का काम कर रहे हैं। इसी के साथ संगठन के आने वाले समय में होने वाले कार्यक्रमों के लिए भी तैयारी कर रहे हैं।

इसमें मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम अहम है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के हाथ 11 में से 10 सीटें लगी हैं। इतना सब होने के बाद भी भाजपा प्रदेश ने हर लोकसभा का विश्लेषण कराने का काम प्रारंभ किया है। इसके पीछे सबसे कारण आने वाले समय में होने वाला नगरीय निकाय चुनाव है। भाजपा अब अपनी पूरी ताकत नगरीय निकाय चुनाव में झोंकने की तैयारी में है।

**बूथों की बन रही कुंडली**

प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं। लोकसभा चुनाव में किस बूथ में कितने मत मिले हैं इसको लेकर पूरी जानकारी एकत्रित की जा रही है। प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों के साथ पूर्व सांसद, विधायक और अन्य नेताओं को एक-एक जिला देकर उनसे बैठकें लेने कहा गया है। सभी नेता बैठकें लेने में जुट गए हैं। प्रदेश संगठन के महामंत्री संजय श्रीवास्तव को महासमुंद जिला मिला है। इस जिले की लोकसभा की विधानसभाओं के एक-एक बूथ की कुंडली बनाने का काम करने के लिए बैठक ली गई है। इसी तरह से हर लोकसभा के विधानसभाओं के बूथों की कुंडली तैयार की जा रही है। इसमें देखा जा रहा है कि किस बूथ में कितने वोट मिले हैं। जिन बूथों में कम वोट मिले हैं, उनकी सूची बनाकर संगठन के सामने रखी जाएगी। इसी के साथ भी रिपोर्ट रखी जाएगी कि बूथों में कम वोट मिलने का कारण क्या रहा है।

# केंद्रीय परियोजनाओं को तेजी से पूर्ण करने जिला कलेक्टर राजस्व प्रकरणों का करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने छत्तीसगढ़ में संचालित केन्द्रीय परियोजनाओं में सड़क, ऊर्जा, मोबाइल टॉवर, रेलवे और खनिज से संबंधित परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा, इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का कार्य तेजी से पूर्ण करने के मद्देनजर परियोजनाओं से संबंधित भू-अर्जन, मुआवजा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें।

मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य सचिव ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग प्राधिकरण तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत विभिन्न सड़क परियोजनाओं के कार्यों के संबंध में जिलों के कलेक्टरों से जानकारी ली। परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन, मुआवजा, नामांतरण, बटांकन और अवार्ड प्रकरणों सहित वन भूमि के प्रकरणों पर शीघ्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह से कांकेर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले में जहां मोबाइल टॉवर लगाना आवश्यक है, वहां सभी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करें।

**खनन परियोजनाओं के लिए करें आवश्यक कार्यवाही**


बैठक में बिलासपुर-उरगा, बिलासपुर से पथरापाली, सिमगा से सारागांव बिलासपुर, 6 लेन रायपुर से विशाखापटनम, धमतरी-कांकेर-बेडमा-दाहिकोंगा, सड़क परियोजनाओं सहित अन्य सड़क परियोजनाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इसी तरह से एनटीपीसी, रेलवे परियोजनाओं के अंतर्गत ईस्ट-वेस्ट रेलवे, साउथ ईस्ट कोल फील्ड लिमिटेड के अधिकारियों से परियोजनाओं के कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने इस संबंध में आ रही विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए कोरबा और रायगढ़ जिले के कलेक्टरों को आवश्यक निर्देश दिए। खनन परियोजनाओं के लिए सड़क, भूमि इत्यादि के लिए अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

# बच्चों में आध्यात्मिक शिक्षा जरूरी



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

शैलेंद्र नगर स्थित प्रेमप्रकाश आश्रम में आचार्य गुरु स्वामी टेंऊंराम के 138वें जन्मोत्सव के अवसर पर बालिका मंडली और प्रेमप्रकाश युवा मंडल द्वारा टेंऊंराम चालीसा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में रविवार को कानपुर से पधारे संत भोलाराम शामिल हुए। कार्यक्रम में बालिका मंडली द्वारा पेश किए गए नाट्य संग नृत्य के प्रस्तुतिकरण ने संत भोलाराम का मन मोह लिया। इसी दौरान उन्होंने अपने सत्संग में उनकी सराहना करते हुए बताया कि बच्चों में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कारिक शिक्षा और आध्यात्मिक शिक्षा भी जरूरी है। अपने गुरु के वचनों को याद दिलाते हुए कहा कि इस संसार में रह रहे प्रत्येक प्राणी में मनुष्य में जीव-जंतु मैं और सब में जो निरंतर श्वास लेते रहते हैं, उन सब में परमपिता परमात्मा का अविनाशी अंश आत्मा रूपी निवास कर रहा है, हम मनुष्यों को सबके लिए अपने दिल में दया का भाव रखना चाहिए, सारे जीवात्माओं के अंदर उस परमात्मा का अंश समझकर किसी के लिए भी अपने मन में द्वेष या बैर की भावना नहीं रखनी चाहिए।



यह कार्यक्रम 1 जून से प्रारंभ होकर 11 जुलाई तक पूरे 40 दिन तक चलता रहेगा। प्रेमप्रकाश आश्रम शैलेंद्र नगर द्वारा लगातार 40 दिन आयोजित इस महोत्सव में 7 जुलाई को विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। , जो पूर्ण रूप से थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों के लिए होगा। यह रक्त थैलेसिमिया बच्चों के लिए निशुल्क उपलब्ध रहेगा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार तेजी से कर रही काम : तुलसी



**मैनपुर।** भाजपा युवामोर्चा जिला महामंत्री तुलसीराम राठौर ने कहा छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपयी ने किया था और इसे संवारने का कार्य छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार विष्णुदेव द्वारा किया जा रहा श्री राठौर ने राज्य सरकार के छः माह के कार्यकाल को उपलब्धी पूर्ण बताते हुए कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सराकर विकास की नया आयाम गढ़ रही है छत्तीसगढ़ को संवारने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है सुशासन समृद्धि और विकास के नया आयाम गढ़ने का संकल्प लेकर राज्य सरकार कार्य कर रही है राज्य के हर वर्ग के लोगो के लिए योजना बना कर लाभ पहुंचाया जा रहा है।

### सरकार बदलने के साथ लगातार तीसरी बार नियम विरुद्ध परिसीमन

**महासमुंद।** पूर्व पार्षद पंकज साहू ने कहा कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 29 तथा नगर पालिका (वार्डों का विस्तार) नियम 1994 के नियम 6 के तहत वार्डो के सीमा निर्धारण संबंधी नियम है। जिसमें प्रत्येक 10 वर्षो में नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत 3 से 5 किमी के दायरे में पड़ने वाले ग्राम क्षेत्र को नगर पालिका क्षेत्र में जोड़ने के लिए परिसीमन किया जाना है।

## पेज 9 के शेष...

### बीएड व डीएड प्रवेश...

अत्यधिक लम्बी, कठिन और कई चरणों में पूरी होती है। शिक्षक बनने के लिए सबसे पहले न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता पास करनी होगी उसके बाद प्री बीएड एवं प्री डीएलएड परीक्षा देनी होगी जिसके आधार पर बीएड या डीएलएड संस्थानों में प्रवेश मिल पाएगा। बीएड या डीएलएड करने के पश्चात शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करना अनिवार्य है परंतु शिक्षक बनने के लिए इतना ही काफी नहीं है। इसके बाद शिक्षक भर्ती में चयन हेतु परीक्षा दिलानी पड़ेगी। इस चयन परीक्षा में उच्च रैंक पाने पर ही शिक्षक भर्ती के लिए पात्र हो सकेंगे।

### एसडीएम कार्यालय...

शासकीय जमीन से बेदखली की कार्यवाही नहीं किये जाने से ग्राम की जनता बेहद नाराज है। जिसको लेकर सभी ने एसडीएम कार्यालय का घेराव करने अपनी सहमती प्रदान की है जिसकी सूचना एसडीएम कार्यालय को दी जा चुकी है जिसके तहत घेराव करते हुए इस मामले को उनके संज्ञान मे लाया जायेगा। घेराव कार्यक्रम मे जनपद अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू फिंगेश्वर, जगन्नाथ साहू, गजेन्द कुमार साहू, प्रेमलाल साहू, ओमप्रकाश साहू,कमलेश साहू, शिवनंदन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होंगे।

### बस स्टैंण्ड बना...

सकती है। यदि दस-पांच मिनट के लिए खड़ी हो तो एक बार समझ में आता भी है पर कई ऐसे ड्राइवर है जिन्हें न तो पुलिस का भय है और न ही किसी संभावित दुर्घटना का। अपनी मनमानी पर उतर आते है। ट्रक खड़ी किए और गायब हो जाते है। नागरिकों ने ऐसे लापरवाह ट्रक ड्राइवरों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग पुलिस से किया है ताकि बीच सड़क पर घंटो-घंटो तक ट्रक खड़ी न हो सके।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं समक्ष प्राधिकारी देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

क्रमांक/803/अविअ/वा-1/2024
देवभोग, दिनांक 18/06/2024

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रेखराज निषाद पिता परस राम निषाद, जाति केंवट, निवासी ग्राम देवभोग, तहसील देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम देवभोग, प.ह.नं. 14, रा.नि.मं. व तहसील देवभोग में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 634/2 रकबा 0.06 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में कृषि भूमि दर्ज है, जिसे आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि परिवर्तित कर पुनः लगान निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के द्वारा दिए गए आवेदन अनुसार आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 18/07/2024 समय 5.00 बजे तक मेरे समक्ष स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
एवं समक्ष प्राधिकारी देवभोग

# अनसर काल में भगवान जगन्नाथ की विशेष पूजा-अर्चना

## जंगलों से चुनकर विशेष वनौषधि से महाप्रभु का उपचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के धर्म नगरी ग्राम अमलीपदर में विराजमान जगन्नाथ के मंदिर में देवस्नान पर्व में दिव्य देव स्नान के पश्चात श्री महाबाहु का 15 दिवस तक स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता क्योंकि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का ताप स्वयं भगवान अपने ऊपर लेते हैं और श्री जगन्नाथ कथा अनुसार भक्त माधवदास का भी रोग को अपने में भगवान समा लिए अपने हृदय में इसी प्रकार यह परम्परा चली आ रही है। अमलीपदर में विराजमान श्री कालिया महाबाहु का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने कारण विशेष जड़ी बूटियों द्वारा उपचार किया जाता है रथयात्र के एक दिवस पूर्व भगवान श्री जगन्नाथ स्वस्थ होकर के श्री मंदिर में विराजित हो करके रथ यात्र को गुंडीचा मंदिर के लिए प्रस्थान करते हैं।



### भगवान को कराया जाता है काढ़ा का रसपान

अनसर काल में श्री मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित युवराज पांडे ने बताया कि इस काल में महाप्रभु का विशेष पूजा अर्चना किया जाता है जिसमें भगवान को रात्रि काल में संध्या काल में भगवान का दिव्य जड़ी बूटियों से उपचार किया जाता है एवं काढ़ा का रसपान भी जगन्नाथ जी को दिया जाता है। जिसमें संध्याकालीन में भगवान को गर्म पट्टी में दिव्य जड़ी–बूटी डाल कर के भगवान का लेपन नीम हल्दी से भगवान का कुनकुने पानी से स्नान आदि विविध जड़ी बूटियों से भगवान का उपचार किया जाता है जिसमें पंडित युवराज पांडे अपने मंदिर के मुख्य सेवकों के साथ जंगलों में जा करके स्वयं चुन करके दिव्य जड़ी बूटी ला करके महाप्रभु का उपचार करते हैं।



## जश्न : भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से हराकर दूसरी बार जीती है टी-20 विश्व कप की ट्रॉफी

# देर रात तक जश्न में डूबा रहा गरियाबंद, टीम के प्रशंसकों ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

जश्न में डूबा गरियाबंद युवाओ ने पटाखे जलाकर एक- दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशिया मनाते दिखे। इस अवसर पर अजय रोहरा प्रेम सोनवानी ऋषिकांत मोहरे सुमित पारख पप्पू ठाकुर अतुल गुप्ता भारत दीवान करण सोनवानी ने इंडिया इंडिया के नारों के साथ जमकर ख़ुशियाँ मनाई। क्रिकेट प्रेमियों ने इस जीत को देश के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है और कप्तान रोहित शर्मा के साथ ही टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

टी 20 विश्व कप 2024 का फाइनल मैच भारत और साउथ अफ्रीका की टीमों के बीच बारबाडोस के ब्रिजटाउन में स्थित केन्सिंगटन ओवल में खेला गया। इस मैच में टीम इंडिया ने बाजी मारकर 11 साल से चले आ रहे आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म किया। वहीं, भारतीय टीम ने 17 साल के बाद टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता। बता दें, टीम इंडिया ने इससे पहले साल 2013 में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी। तब टीम इंडिया ने चैंपियन्स ट्रॉफी का खिताब जीता था।

टीम इंडिया ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए। बता दें, सूखी और धीमी पिच पर पावरप्ले में 34/3 पर सिमटने के बाद भारतीय बल्लेबाजों ने जोरदार वापसी की और टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। इस पारी में टीम इंडिया की ओर से सबसे ज्यादा रन विराट कोहली ने बनाए। विराट कोहली ने 59 गेंदों पर 76 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 6 चौके और 2 छक्के लगाए। वहीं, अक्षर पटेल ने 31 गेंदों पर 47 रन का योगदान दिया। अक्षर पटेल ने अपनी इस पारी में 1 चौका और 4 छक्के लगाए। दूसरी ओर शिवम दुबे ने भी 16 गेंदों पर 27 रन की पारी खेली।

टी20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल मैच भारत और साउथ अफ्रीका की टीमों के बीच बारबाडोस के ब्रिजटाउन में स्थित केन्सिंगटन ओवल में खेला गया। इस मैच में टीम इंडिया ने बाजी मारकर 11 साल से चले आ रहे आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म किया। वहीं, भारतीय टीम ने 17 साल के बाद टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता। बता दें, टीम इंडिया ने इससे पहले साल 2013 में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी। तब टीम इंडिया ने चैंपियन्स ट्रॉफी का खिताब जीता था।





### जसप्रीत बुमराह ने पलट दिया पूरा मैच

इस मैच में एक समय साउथ अफ्रीकी टीम की जीत पूरी पक्की दिख रही थी, जिसके बाद जसप्रीत बुमराह ने 16वें ओवर में सिर्फ 4 रन दिए और उसके बाद 18वें ओवर में सिर्फ 2 रन देने के साथ मार्को यान्सन का विकेट भी हासिल किया, जिससे भारतीय टीम इस मुकाबले में वापसी करने में भी कामयाब हुई, साथ यहां से अफ्रीकी टीम पर दबाब भी बन गया। 19वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने 4 दिन दिए तो वहीं आखिरी ओवर में हार्दिक ने सिर्फ 8 रन देने के साथ टीम इंडिया को 7 रनों से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

### 17 साल बाद टीम इंडिया ने जीती वर्ल्ड कप की ट्रॉफी

टीम इंडिया ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए। बता दें, सूखी और धीमी पिच पर पावरप्ले में 34/3 पर सिमटने के बाद भारतीय बल्लेबाजों ने जोरदार वापसी की और टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। इस पारी में टीम इंडिया की ओर से सबसे ज्यादा रन विराट कोहली ने बनाए। विराट कोहली ने 59 गेंदों पर 76 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 6 चौके और 2 छक्के लगाए। वहीं, अक्षर पटेल ने 31 गेंदों पर 47 रन का योगदान दिया। अक्षर पटेल ने अपनी इस पारी में 1 चौका और 4 छक्के लगाए। दूसरी ओर शिवम दुबे ने भी 16 गेंदों पर 27 रन की पारी खेली।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में पालक संघ की बैठक



**मैनपुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल धुरवागुड़ी में पालकों की बैठक रखी गई। उक्त बैठक का आयोजन प्रमुख रूप से पालक समिति का गठन, स्कूल लगने के समय का निर्धारण, मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन आदि विषयों के संदर्भ में आयोजित की गई थी। बैठक में भारी संख्या में पालकों की उपस्थिति रही, बैठक का आयोजन प्राचार्य मोतीलाल कोमर्रा द्वारा किया गया। पालकों की उपस्थिति में एक राय से स्मृति नीरज ठाकुर को पालक समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष के रूप में रूपचंद नेताम पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत खोखमा का नाम प्रस्तावित किया गया। सचिव के रूप में सठानंद पटेल शिक्षक,पालक सदस्य के रूप में श्री संतोष गुप्ता, मनोज साहू, दिनेश नेताम, मनोहर ध्रुव, प्रदीप पटेल, उत्तर यादव, पावित्रे सोरी, नरेंद्र नायक, राजेंद्र सोरी, जीतू तिवारी, जयश्री देवांगन, सलीम कुरैशी, को पालक समिति में रखा गया। सभी पालकों ने मनोनीत सदस्यों को मनोनीत होने पर ढेर सारी शुभकामनाएं दी और स्कूल प्रबंधन और संचालन में पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की गई है। मनोनीत सदस्यों ने बच्चो की अच्छी शिक्षा के लिए भरसक सम्भव प्रयास करने की बात कही। पालक समिति के अध्यक्ष श्रीमती स्मृति नीरज ठाकुर ने बच्चों के शिक्षा के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा पढ़ लिख कर बच्चे देश का भविष्य बनेंगे।

# नव प्रवेशी बच्चों को दिए गए गणवेश व पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर



ग्राम पंचायत देहारगुड़ा के प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाईस्कूल के नव प्रवेशी छात्र–छात्राओं का आज सैकड़ों पालकों के बीच में बड़े ही धूमधाम से सांस्कृतिक आयोजन के साथ नव निहाल बच्चों का मुंह मीठा कराकर गणवेश व पुस्तक वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम सरपंच डिगेश्वरी साण्डे के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात माध्यमिक शाला के छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये उसके बाद प्राथमिक शाला से पहली कक्षा, माध्यमिक शाला से छठवीं व हाई स्कूल से नवमीं के नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का मंच में सम्मान तिलक लगाकर गणेश व पुस्तक वितरण करते हुए मुंह मीठा कराया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच डिगेश्वरी साण्डे ने चित्रसेन पटेल प्रधान पाठक के द्वारा हमेशा नवाचारी के क्षेत्र में किए गए कार्यों का सरहाना करते हुए बधाई प्रेषित की व नव प्रवेशी छात्र–छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किया गया। मंच को पवन दीवान ग्राम पटेल, देवन नेताम पूर्व सरपंच एवं लोकेश साण्डे के द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चित्रसेन पटेल एवं गोविंद पटेल के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन केशव प्रसाद अग्रवाणी ने की प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में न्योता भोज का भी कार्यक्रम हुआ जिसमें खीर पूरी पाकर बच्चे हुए गदगद हुए। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच डिगेश्वरी साण्डे, देवन नेताम, लोकेश साण्डे, पवन दीवान, भारत, महेश दीवान, जूगलाल, प्राचार्य गोविंद पटेल, संकुल समन्वयक मुकेश ठाकुर, प्रधान पाठक चित्रसेन पटेल, रघुवरशाय, रितेश्वर तारक, विश्राम वर्मा, ओम प्रकाश वैष्णव , कांतिलाल साहू, तारा साहू, सुरैया टण्वीर, ललिता जालेश पहलू राम पांडे, रोहन दीवान के अलावा सैकड़ों की संख्या में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य व पालकगण उपस्थित थे।

## टीम इंडिया की जीत पर जश्न...



**राजिम।** दक्षिण अफ्रीका के साथ खेले गए टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता में टीम इंडिया की जीत पर युवाओं ने खुशी जताते हुए आतिशबाजी कर झंडे लेकर रैली निकाला। इस जीत पर न केवल युवाओं में जोश देखा गया बल्कि नगर के चौक–चौराहों में आतिशबाजी कर हर वर्ग के लोगों ने खुशियां मनाई।

### ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है भाजपाः भूपेंद्र

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी ने अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा पुनः गिरफ्तारी के विरोध में भाजपा कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन की घोषणा की थी। पार्टी ने भाजपा कार्यालय के पास जिला प्रशासन से अनुमति मांगी गई थी, लेकिन प्रशासन ने इसकी अनुमति नही दी। बावजूद इसके आप के नेता बूढ़ापारा धरना स्थल से इस विरोध प्रदर्शन करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। जिसमें महासमुंद जिले के सैकड़ों आप कार्यकर्ता रायपुर में प्रदर्शन में शामिल हुए।

## बैठक में समाजिक भवन के भूमि पूजन को लेकर बनाई गई रणनीति

# सामाजिक भवन समाज के विकास में मील का पत्थर साबित होगा : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

- आदिवासी समाज के विकास और उत्थान के बारे में की गई चर्चा

अखिल भारतीय आदिवासी अमात गोंड़ समाज केन्द्रीय समिति कार्याकारणी एवं सर्कल समिति की बैठक मैनपुरकला शीतला मंदिर प्रागण में आयोजित किया गया। इस बैठक में शामिल होने के लिए पूर्व विधायक एवं अमात गोंड़ समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष कुमार ओंकार शाह पहुंचे तो समाजजनो ने आदिवासी संस्कृति अनुसार पीला चांवल का तिलक लगाकर व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईष्टदेव बुढ़ादेव की पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान अखिल भारतीय गोंड़ अमात समाज बिन्द्रानवागढ़ की बैठक में कचना ध्रुर्वा गोड़वाना भवन की भूमि पूजन को लेकर सभी वरिष्ठजनो द्वारा विचार विमर्श किया गया तथा सभी की सहमति से समाज प्रमुखों द्वारा 5 जुलाई दिन शुक्रवार को दर्रापारा गरियाबंद में समाज के सभी वरिष्ठजनो की उपस्थिति में भूमिपूजन करने का निर्णय लिया गया है एवं प्रतिवर्श राजा कचना ध्रुर्वा की पूजा अर्चना कार्यक्रम भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। आदिवासी समाज के बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक एवं अमात गोंड़ समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष ओंकार शाह ने कहा आज हमारे समाज के बहुत पुरानी मांग पूरा होने जा रहा है समाज के भव्य सामाजिक भवन करोड़ो रूपये के लागत से निर्माण किया जाना है जिसके भूमिपूजन के लिए आज



कार्ययोजना बनाई गई है। श्री शाह ने कहा इस कार्यक्रम में समाज के लोग ज्यादा से ज्यादा शामिल हो क्योंकि यह समाजिक भवन हमारे समाज के विकास में मील के पत्थर साबित होंगे। श्री शाह ने कहा इस तरह के समाजिक बैठक एवं कार्यक्रम समय –समय पर आयोजित होना चाहिए समाजिक कार्यक्रम आयोजित होने से समाज के सभी लोग एक जगह एकत्र होते है और एक दूसरे से मूलाकात करते है जिससे भाईचारा एकता बनी रहती है।

**आदिवासी समाज संगठित और मजबूत समाज-** श्री शाह ने कहा आदिवासी समाज काफी संगठित और मजबूत समाज है हम सबको अपना कीमती समय समाज के विकास और उन्नति के लिए देने की जरूरत है। उन्होने कहा हमारे समाज के युवाओं मे काफी उर्जा है और इस ऊर्जा का उपयोग समाज के विकास के लिये करना है। इस बैठक में प्रमुख रूप से केन्द्रीय अध्यक्ष ओंकर शाह, संरक्षक हेमसिंह नेगी, कोशाध्यक्ष टीकम कपिल, उपाध्यक्ष खेदूनेगी, जबर सिंह नागेश, संतन सिंह नेताम, बलदाउ सिंह नेताम, दयाराम नागेश, सदाराम ध्रुर्वा, गुजरत कमलेश, अमृत लाल नागेश, लोकेश्वरी नेताम, लोकेन्द्र कोमर्रा, सियाराम ठाकुर, चन्द्रकिशोर नागेश, सुखराम नागेश, विश्राम नागेश, रामचंद नागेश,सुदामा ठाकुर,प्रियंका कपिल, घनश्याम नागेश, खेलन सिंह नागेश, टीरसिंह नागेश, कन्हैया ठाकुर, महेन्द्र फरस, रामेश्वर कपिल, लक्षिन्दर दीवान, बैरागी बाई, उपासनी नागेश, धनेश्वरी, नीराठाकुर, गीता ठाकुर, दुलेश्वरी नागेश, सुभाश मरकाम, लोकेश सांडे, डिगेश्वरी साण्डे सहित बड़ी संख्या में आदिवासी अमात गोड़ समाज के लोग उपस्थित थे। बैठक का संचालन चन्द्र किशोर नागेश ने किया।

## खबर संक्षेप



### शांतिपूर्ण मतदान के लिए कलेक्टर ने एसडीएम को किया सम्मानित

**मैनपुर।** लोकसभा चुनाव में गरियाबंद जिले के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण चुनाव कराने मतदाता जागरूकता अभियान के चलते पूरे विधानसभा में 81.19 प्रतिशत मतदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और लोगों में जन जागरूकता लाने के लिए मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम को गरियाबंद जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मैनपुर विकासखंड में कई पोलिंग बूथ काफी संवेदनशील है मतदाता जागरूकता अभियान लगातार चलने के कारण और गांव–गांव में मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया साथ ही पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। चुनाव से पूर्व कई मतदान केंद्रों में चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दिया गया था लेकिन एसडीएम के नेतृत्व में अफसरों की सूझबूझ से सभी जगह मतदान हुआ साथ ही चुनाव के बाद मैनपुर एसडीएम के पहल से गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने क्षेत्र 19 आंगनबाड़ी स्वीकृत किया है।

### बिजली स्कूल में मना प्रवेशोत्सव



**छूईहा बेलर।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बिजली बस्ती पारा में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें नंदकुमार यादव, भूवन यदू, जनक साहू, चूनू निषाद, लिखन निषाद, हेमन्त निषाद, दयाराम साहू, विजय बघेल बिरेन्द्र यदू, टिकेन्द्र यदु, खूमान पटेल, चन्द्रशेखर निषाद गणमान्य नागरिक की गरिमामय उपस्थिति में नवप्रवेशी दिवस मनाया गया। जिनके द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया तथा बच्चों को गणवेश और पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। स्कूल में नेवता भोज का आयोजन रखा गया जिसमें सभी बच्चों को खीर पुड़ी स्वादिष्ट भोजन परोसा गया।

### जमाही स्कूल में मना प्रवेशोत्सव



**छूईहा बेलर।** शासकीय प्राथमिक शाला जमाही में नए सत्र का शुरुवात में शाला प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया गया। जिसमें विशेष रुप से शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष, सदस्य एवं शाला के प्रधान पाठक, ग्रामवासी के साथ ही सभी स्टाफ उपस्थित थे। सभी बच्चों को गणवेश व नए सत्र का पुस्तक की वितरण किया गया । कार्यक्रम पर पलकों को संबोधित करते हुए प्रधान पाठिका जागेश्वरी ध्रुव ने बच्चों को रोज स्कूल भेजने की अपील कि। स्कूल के हुमांशु का जन्म दिवस मनाया गया जिसके उपलक्ष्य में उनके पालक परिवार द्वारा बच्चों को नेवता भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का पूरा संचालन फणेश्वर, अध्यक्ष पद्मावती गंधर्व, शोमप्रकाश गंधर्व, अनुसुइया, परमेश्वर दीवान आदि ने अपनी उपस्थिति थे।

### बाइक की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** तुमगांव थाना अंतर्गत बीते 23 मार्च को सड़क दुर्घटना में हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में जांच के बाद आरोपी बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बाइक क्रमांक सीजी 04 एमडब्लू 6896 के चालक ने परसराम साहू को ठोकर मार दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

---

**हीरा खदान में खुली छूट : हीरा खदान के सीनों को तस्करों ने खोद-खोदकर छलनी कर डाला**

# जंगल में बिखरे हीरा भंडार की सुरक्षा के लिए एक भी चौकीदार नहीं, तस्करों ने जगह-जगह से खोदे गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

यह जानकर आश्चर्य होगा की देश के सबसे बड़े हीरा खदान में सुरक्षा के लिए एक चौकीदार भी तैनात नहीं है। यहां बहूमुल्य हीरा एलेक्जेंडर, कीमती रत्न जंगलों के बीच बिखरे पड़े हुए है और तो और तस्करों ने हीरा खदान की इस बुरी तरह से अवैध उत्खनन किया है कि कुंआ जैसे सुरंग बड़े- बड़े गढ्ढे ही दूर- दूर तक दिखाई पड़ता है। हीरा खदान की सुरक्षा के लिए चारों तरफ से सुरक्षा घेरा लोहे के तार और ऐंगल लगाये गये थे। खदान के सामने बड़ा मुख्य लोहे का विशाल गेट लगा था हीरा तस्करों ने चारो तरफ लगाये गये सुरक्षा के बाड़ा तार के घेरा और मुख्य गेट तक गायब कर दिये हैं और हीरा खदान जाने वाले मार्ग में बड़े- बड़े गढ्ढों के साथ पेड़ गिरा दिये है जिससे आसानी से प्रशासन के अमला वहां तक पहुंच न सके। हीरा खदान में अवैध उत्खनन इस तरह किया गया है कि यदि पिछले 10 वर्षो का पुलिस थाना में अवैध हीरा तस्करी करने वालो की सूची देखे तो सैकडों की संख्या में हीरा के तस्करों को गरियाबंद और सीमावर्ती धमतरी, महासमुंद की पुलिस ने गिरफ्तार कर उनसे हजारों नग कीमती हीरा पत्थर जब्त कर जेल के सलाखों के पीछे भेजा गया है, जिसकी अनुमानित कीमती 8 -10 करोड़ से ज्यादा बताई जाती है, इनते बड़े पैमाने में हीरा के अवैध तस्करी करने वालों को पुलिस ने पकड़कर जेल भेजा है, क्षेत्र के हीरा खदानों में अवैध तस्करी अब बहुत हो चुकी है क्षेत्र की जनता हीरा खदान की सरकारी तौर पर दोहन चाहते है और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही क्षेत्र के लाखों रहनवासियों में यह उम्मीद जगी है कि अब जल्द ही हीरा खदान मामले में राज्य सरकार कोई ठोस निर्णय लेगी क्योंकि राज्य व केन्द्र में भाजपा की सरकार होने से हीरा खदान मामला का जल्द समाधान होने की उम्मीद लगाई जा रही है क्षेत्र के लाखों निवासियों को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से काफी उम्मीद बंधी है कि जल्द हीरा खदान मामले पर सरकार कोई बड़ी फैसला लगी। हीरा खदान का सरकारी दोहन कर इससे होने वाले राजस्व की प्राप्ती से क्षेत्र के विकास के साथ प्रदेश के विकास में उपयोग किया जाता सकता है भू वैज्ञानिकों का मने तो इस हीरा खदान में इतना हीरा का भंडार भरा हुआ है कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश का आने वाले 20 वर्षों का बजट इस हीरा खदान से पूरा किया जा सकता है। पायलीखंड के हीरा खदानो की सुरक्षा के लिए बी.एस.एफ की कंपनी तैनात किया गया था और खनिज विभाग ने बकायदा चौकीदार नियुक्त किया था मगर इसकी सुरक्षा पिछले कुछ वर्षो से भगवान भरोसे है।

**पायलीखण्ड और बेहराडीह में किंबर लाइट व पाइप होने की पुष्टि-** ढाई दशक पूर्व आस्ट्रेलिया से पहुंचे वैज्ञानिको ने इन हीरा खदानो में एक दर्जन से ज्यादा किम्बर लाइट पाइप होने की बात सर्वेक्षण के बाद बताई गई थी वैज्ञानिको के अनुसार किम्बर लाईट पाईप कई किमी लंबी होती है और इन किम्बर लाइट पाईप में हीरा चिपका होता है आस्ट्रेलिया के बाद सबसे ज्यादा बहुमुल्य किमती रत्न होने का दावा पायलीखण्ड और बेहराडीह हीरा खदान मे किया गया था। बेहराडीह पायलीखण्ड हीरा खदान क्षेत्र में एक बड़े भू–भाग को जहां हीरा खदान के रूप में चिन्हाकिंत है उन स्थानो को बड़े –बड़े लोहे के हजारो एंगल लगाकर लगभग दोनो खदानो में 20 से 25 हेक्टेयर जमीन को चारो तरफ से घेरा गया था और सामने लोहे गेट लगाये गये थे अब अवैध तस्करी करने वालो ने लोहे के पूरे एंगल के साथ गेट को भी उखाड़कर ले गये है। मैनपुर पायलीखण्ड बेहराडीह इस धरती के नीचे अपार खनिज संपदा भरा पड़ा है लेकिन इसके ऊपर निवास करने वाले लोग आज भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे है इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग किया है कि हीरा खदानो में लगे स्टे को हटाया जाये और सरकारी रूप से इसका दोहन किया जाये।







#### सीएम को कराएंगे अवगत

क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता डमरुधर पुजारी ने कहा हीरा खदान मामले से छत्तीसगढ़ के विष्णु देव सरकार को अवगत कराएंगे क्षेत्र की जनता जल्दी से जल्द मामले का कोर्ट से निराकरण की मांग चाहते हैं साथ इसके सरकारी दोहन से मिलने वाले राजस्व से क्षेत्र और प्रदेश का विकास होगा।

**- डमरुधर पुजारी,** पूर्व विधायक

#### की जाती है गश्त

पुलिस प्रशासन द्वारा समय- समय पर हीरा खदान क्षेत्रों का गस्त किया जाता है और अवैध उत्खनन पर कार्यवाही भी किया जा रहा है। उन्होने बताया लगातार पुलिस द्वारा अवैध उत्खनन रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

**-बाजीलाल सिंह,** एसडीओपी पुलिस मैनपुर

#### सुरक्षा हटने के बाद से लगातार अवैध उत्खनन

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 42 किमी दूर विश्व के प्रसिद्ध हीरा खदान पायलीखण्ड एवं मैनपुर से 08 किलो मीटर दूर बेहराडीह हीरा खदान का मामला न्यायालय मे होने के कारण छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 24 वर्षो बाद भी सरकारी दोहन शुरू नहीं हो पाया है समय समय पर इन हीरा खदानो मे अवैध खुदाई की खबर निकलकर सामने आती है खासकर बारिश के दिनों में हीरा खदानो मे नदी -नालों में बाढ़ का फायदा उठाकर ओड़िसा महाराष्ट्र और राजस्थान के तस्करो द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन को अंजाम दिया जाता है जिसका प्रमाण हीरा खदान क्षेत्र मे देखा जा सकता है हीरा खदान क्षेत्रों में तस्करों के द्वारा अवैध खुदाई किया गया है कि जगह जगह 10 से 20 फीट गहरे कुएं जैसे सैकड़ो गड्ढे हो गये है।

#### विस में उठाएंगे मामले को

हीरा खदान का मामला कोर्ट के अधीन है सरकार से मांग किया जाएगा की हीरा खदान की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त किया जाए साथ ही क्षेत्र की जनता की मांग है की सरकारी तौर से जल्द से जल्द दोहन होना चाहिए और इससे मिलने वाले राजस्व इस क्षेत्र के विकास में लगाना चाहिए इस क्षेत्र के युवाओं को इसमें रोजगार देना चाहिए।

**-जनक ध्रुव,** विधायक बिन्द्रानवागढ विधानसभा

---

## समस्याओं को लेकर नपा अध्यक्ष ने सीएम साय से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



नगरीय निकाय क्षेत्र की समस्याओं को लेकर रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने सीएम विष्णु देव साय से रायपुर हेलीपैड में मुलाकात की। इस दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी वहां मौजूद थे। सांसद की उपस्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष मेमन ने सीएम साय को गरियाबंद जिले में चल रहे राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी। जिले के प्रमुख समस्याओं से भी अवगत कराया। संक्षिप्त चर्चा में नपा अध्यक्ष मेमन ने नगर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए नगरीय क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं से भी अवगत कराया। इस दौरान मेमन ने नगर के विकास के लिए विभिन्न मांगे भी रखी। उन्होंने नगर में मूलभूत विकास के लिए अधोसंरचना अंतर्गत सीसी सड़क, नाली निर्माण, पेयजल विस्तार, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य कार्यों के लिए राशि मांगी। इस अवसर सीएम साय ने उन्हें सभी मांगे के त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया।

## बारिश से उमस व गर्मी से मिली राहत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

तेज बारिश के चलते जहां उमस एवं गर्मी से लोगों को राहत मिली। वहीं पर किसानों को धान बुआई को लेकर अच्छी बारिश मानी जा रही है। किसान धान बुआई को लेकर खेतों की तरफ रूख कर रहे हैं। 22 जून को हल्की बारिश हुई थी उसके बाद बारिश नहीं होने पर भारी उमस एवं गर्मी का वातावरण निर्मित हुआ था। लोग अच्छी बारिश का आस लगाये आसमान की ओर देखते थे लेकिन बूंदा बांदी कर घटाये निकल जाती थी। सभी लोग वजनदार बारिश कर इंतजार कर रहे थे वहीं पर गर्मी एवं उमस मे इजाफा होते जा रहा था। आखिरकार इंद्रदेव ने किसानों सहित नागरिको की पुकार सुन ली और 29 जून को गरज एवं चमक के साथ अच्छी बारिश हुई जिसको लेकर सभी वर्ग ने प्रसन्नता व्यक्त की।बारिश को लेकर किसान तेजराम धुरव,उमेंद साहू आदि ने बताया कि इस बारिश से अब धान बुआई का कार्य प्रारंभ होगा।पहले से खेतों की अकरस जुताई हो चुका था।इसके साथ ही घुरूवा खाद भी खेतों मे डाले जा चुके थे। सोमवार 1 जुलाई से धान बोनी का कार्य किसानों के द्वारा युद्ध स्तर पर जारी होगा।इधर नगर के नागरिकों ने बताया कि 29 जून को हुई बारिश से भारी उमस एवं गर्मी से राहत मिली है लेकिन उमस का वातावरण अभी भी घरों के अंदर कायम है।बिना पंखे के घर मे नहीं रह सकते।एक दो अच्छी बारिश होगी तो इस उमस से पूरी तरह से छुटकारा मिलेगा। फिर हाल 30 जून को भी शाम 7 बजे अच्छी बारिश हो रही है जिसके चलते उमस एवं गर्मी मे कमी आई है इसके साथ ही विद्युत की खपत कम होगी।जो लोग एसी एव कूलर चला रहे थे वे पंखे से ही काम चलाने का सोच रहे हैं।

## जोगीडीपा को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छूईहा बेलर



फिंगेश्वर ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पंचायत बोडकी के आश्रित ग्राम जोगीडीपा को स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग लेकर स्थानीय वार्ड पंच, ग्रामीण पिछले दिनों ग्राम सभा आवेदन लेकर पहुंचे। जिसे ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। सरपंच बोड़की रामजी साहू, उपसरपंच नेतराम सिन्हा, सचिव गोवर्धन सेन ने उच्च अधिकारी को प्रेषित करने की बात कही है। जोगीडीपा से तोरण साहू ,गुलापराम, नारायणरलाल, नेताम, त्रिलोचन, निरंज, रोहित कुमार, मैतू राम, रामकिशु सेन, स्वतंत्र पंचायत बनाने की गुहार लगाई है। ताकि गांव का विकास हो सके। आश्रित गांव होने के कारण गांव का पर्याप्त विकास नहीं हो पाया है। मनरेगा कार्य में भी मजदूरों को संतोषजनक मजदूरी नहीं मिल पाती। अधिकांश कार्य ग्राम पंचायत के लिए स्वीकृत होता है, ऐसे में आश्रित गांव होने के कारण यहां कई जरूरी सुविधाएं भी नहीं मिलता है। ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं के लिए मुंह ताकना पड़ता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि फिगेंश्वर ब्लॉक में पिछली बार नए ग्राम पंचायतों का गठन हुआ है, जहां जनसंख्या कम है। फिर भी इन गांवों को पंचायत का दर्जा दिया गया है। शासन ग्राम जोगीडीपा को भी स्वतंत्र पंचायत का दर्जा दें, ताकि गांव में पर्याप्त विकास कार्य हो सके।

पंचायत मुख्यालय बोडकी से ग्राम जोगीडीपा की दूरी 5 कि.मी. से भी अधिक है। ग्राम वासियों को बारिस के दिनों में ग्राम पंचायत से संबंधित कार्यो एवं उपभोक्ता सामाग्री,बैठक , जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए नहर के कच्ची रास्ते एवं नाला पार कर जाना पड़ता है। जो कि बारिस के दिनों में नाला में बाढ़ एवं कच्ची रास्ते होने के कारण आने-जाने में बहूत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यहां के ग्रामीणों को सरपंच व पंच बनने का मौका मिल सके।

## पीएम आवास योजना से साकार हुआ घर का सपना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं से क्षेत्र की महिलाओं की जिंदगी बदल रही है। उन्हें सर छिपाने के लिए अपना आशियाना, लकड़ी के चूल्हे से होने वाली धुएं से आजादी और आर्थिक सशक्तिकरण भी मिल रहा है। ग्राम पंचायत कनसिधी की रहने वाली अनुसुइया यादव जो विधवा और बेसहारा महिला है, बाराती है अपने पुराने मिट्टी के घर में रहती थी। उनके पति की मृत्यु पूर्व में हो चुकी थी, ऐसी स्थिति में पक्का आवास की कल्पना कर पाना मुश्किल था। परंतु इस कल्पना को साकार प्रधानमंत्री आवास योजना ने किया। अनुसुइया ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 01 लाख 30 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई और आज उन्हें को अपना पक्का आवास मिल चुका है। वो अपने पुराने दिनों को याद कर भावुक होकर कहती हैं कि मेरे पति ने पक्के घर में रहने का सपना देखा था, काश उनके रहते मेरा सपना पूरा होता। शासन की संवेदनशीलता से अनुसुइया अपने हौसले से अपना जीवन जी रही है। वे कहती हैं पक्के आवास के लिए हमेशा शासन की आभारी रहेंगे। अनुसुइया को महतारी वंदन योजना अंतर्गत योजना का भी लाभ मिल रहा है।कहती हैं कि मेरे खाते में प्रतिमाह 1000 रूपए आता है। जिससे घर की छोटी छोटी जरूरत को पूरा कर लेती हूं।

**मन की बात देशवासियों को जागृत और प्रेरित करने का महाअभियान : विधायक**

## मन की बात में पीएम मोदी ने कहा- 'एक पेड़ मां के नाम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में भाजपा शक्तिकेंद्र श्यामनगर के बूथ क्रमांक 188 में भाजपा कार्यकर्ता एवं राजिम मंडल के पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वपूर्ण कार्यक्रम मन की बात के 111 वीं कड़ी का प्रसारण बहुत ध्यान से सुना। जिसमें विधायक श्री साहू के साथ जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, कृसलाल साहू, चंदन साहू, प्रेमलाल साहू, मधु नत्थानी, रूपनारायण साहू, नागेश्वर साहू, रामजी साहू, चितरंजन साहू, मनोज साहू, कोमल साहू, श्यामु निषाद, सागर साहू, डायमंड साहू, भारत सिन्हा, डोमार ध्रुव सहित बिहान समुह की बहने व बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तथा ग्रामवासी मौजूद थे।



#### एक पेड़ लगाकर उनकी सुरक्षा का लें संकल्प : साहू

इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण की अपील की और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने चुनाव आयोग के सफल संचालन की प्रशंसा की और योग दिवस और आकाशवाणी के संस्कृत बुलेटिन के 50 साल पूरे होने जैसी महत्वपूर्ण घटनाओं का जिक्र किया। विधायक श्री साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से हममें नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक एक पेड़ लगाकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लें। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' देशवासियों को जागृत और प्रेरित करने का महाअभियान है। यह व्यापक जनसंवाद का माध्यम है। जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि मन की बात केवल प्रधानमंत्री मोदी जी का संवाद कार्यक्रम ही नहीं बल्कि पूरे देशवासियों के साथ जुड़ने का भाव है। अब इस कार्यक्रम को पूरे देश में अपनत्व के भाव के साथ उत्साहपूर्वक सुना जाता है।

## लोगों ने टेलर दुकान में सुनी पीएम मोदी की मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छूईहा बेलर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम देशवासियों से जनसंवाद का सशक्त माध्यम है। मन की बात अब देशवासियों के जन-जन की बात बन गई है। उक्त कार्यक्रम शक्ति केंद्र ग्राम छुईहा में भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने टेलर दुकान छुईहा में मन की बात को सुना गया। जिसमें महेश साहू शक्ति केंद्र सयोजक, राजेन्द्र यादव, मिथलेश नेताम, गोपी ध्रुव, बूथ अध्यक्ष कीर्तन पटेल, महामंत्री युवा मोर्चा हीरा साहू, वासु सेन, सुनील सिन्हा, कमलेश सेन आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।